

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

मंगलवार 23 जून 2026 बर्ष 02 अंक 163 पृष्ठ 4 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

अपने आप की तुलना किसी से मत करो, यदि आप ऐसा कर रहे है तो आप स्वयं अपनी बेइज़्ज़ती कर रहे है। – बिल गेट्स

## प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 3.96 लाख किसानों को मिली राहत 200 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि खातों में हस्तांतरित

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में आयोजित कार्यक्रम में रबी 2025–26 के दौरान प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत प्रदान की। कृषि इनपुट अनुदान योजना के तहत 3.96 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 200 करोड़ रुपये से अधिक की अनुदान राशि ऑनलाइन हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर सम्राट चौधरी ने कहा कि मार्च 2026 के तीसरे और चौथे सप्ताह में आए आँधी–तूफान, असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि से राज्य के 13 जिलों में फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा था। प्रभावित जिलों में सहरसा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, अररिया, बेग. ूसराय, पूर्णिया, दरभंगा, किशनगंज, सुपौल, मधुबनी, वैशाली और गोपालगंज शामिल हैं, जहां 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति की रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की कृषि इनपुट अनुदान योजना किसानों को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि खेती–किसानी में आत्मविश्वास और स्थिरता भी प्रदान करती है। सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए हर परिस्थिति में



उनके साथ मजबूती से खड़ी है।मुख्यमंत्री ने बताया कि आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा कृषि इनपुट अनुदान के लिए 200 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए गए थे। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग के मद से 60.71 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई। इस प्रकार प्रभावित किसानों की सहायता के लिए कुल 260.71 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को अधिक सुरक्षित एवं टिकाऊ बनाने तथा प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। किसानों की आर्थिक मजबूती और उनके हितों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## चंपारण को बनाया जाएगा देश का प्रमुख गन्ना उत्पादन क्षेत्र, बंद चीनी मिलों के पुनर्जीवन पर जोर



**केशववाणी पटना (बिहार)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार' में गन्ना उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने चंपारण को देश के प्रमुख गन्ना उत्पादन क्षेत्रों में विकसित करने तथा राज्य की बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने की दिशा में तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की नौ बंद चीनी मिलों के पुनरुद्धार और 25 नई चीनी मिलों की स्थापना की कार्ययोजना को शीघ्र धरातल पर उतारने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल गन्ना किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध होगा, बल्कि राज्य में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। सम्राट चौधरी ने बिहार गन्ना उद्योग प्रोत. साहन नीति–2026 के तहत अधिक से अधिक निवेश आकर्षित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए अधिकारियों को चीनी उद्योग के आधुनिकीकरण, गन्ना उत्पादकता में वृद्धि तथा किसानों की आय बढ़ाने के लिए समन्वित और प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार किसानों की समृद्धि, औद्योगिक विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सरकार की प्राथमिकता है कि कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देकर किसानों की आमदनी में वृद्धि की जाए और राज्य को चीनी उत्पादन के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जाए।

## नालंदा में 28 जून को होगी बिहार पुलिस सिपाही (प्रचालक) भर्ती परीक्षा, 23 केंद्रों पर 16,414 अभ्यर्थी होंगे शामिल

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** बिहार पुलिस दूरसंचार (वितंतु) एवं तकनीकी अराजपत्रित संवर्ग में सिपाही (प्रचालक) पद पर चयन के लिए 28 जून 2026 (रविवार) को आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा की तैयारियों को लेकर सोमवार को टाउन हॉल, बिहारशरीफ में संयुक्त ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) रंजन कुमार चौधरी ने की। बैठक में संबंधित केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा के सफल एवं कदा. चारमुक्त संचालन को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। अध्यक्षता कर रहे रंजन कुमार चौधरी ने कहा कि परीक्षा को पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ जिला मुख्यालय अंतर्गत कुल 23 परीक्षा केंद्रों पर एकल पाली में परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें 16,414 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक केंद्र प्रेक्षक (ऑब्जर्वर), दो–दो स्टैटिक दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के लिए 46 स्टैटिक दंडाधिकारी, 11 गश्ती दल दंडा. धिकारी तथा पांच वरीय पदाधिकारियों को उड़नदस्ता दल दंडाधिकारी के रूप में



नियुक्त किया गया है। ये सभी अधिकारी परीक्षा अवधि के दौरान विभिन्न केंद्रों का भ्रमण कर निगरानी करेंगे।अभ्यर्थियों का रिपोर्टिंग समय सुबह 10 बजे निर्धारित किया गया है। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश सुबह 10 बजे से 11 बजे तक सघन जांच (फ्रिस्किंग) के बाद ही दिया जाएगा। सुबह 11 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के साथ प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष का टोल–फ्री नंबर 18003456323 जारी किया गया है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) को नियंत्रण कक्ष का वरीय प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा नियंत्रण कक्ष में सुरक्षित दंडाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है।परीक्षा केंद्रों को 11 जोन में विभाजित कर प्रत्येक जोन के लिए जोनल मजिस्ट्रेट (गश्ती दल दंडाधिकारी) की तैनाती की गई है। सभी केंद्रों पर परीक्षा अवधि के दौरान लगातार वीडियोग्राफी कराई जाएगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। जिला प्रशासन ने परीक्षा के दिन बिहारशरीफ में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अलग से दंडा. धिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), वरीय कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित केंद्राधीक्षक, दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भूमि के न्यूनतम मूल्यांकन दरों में वृद्धि, शहरी क्षेत्रों में दोगुना और ग्रामीण क्षेत्रों में 1.6 गुना बढ़ा एमवीआर

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** नालंदा जिले में भूमि एवं संपत्तियों के न्यूनतम मूल्यांकन पंजी (एमवीआर) की दरों में बढ़ोतरी कर दी गई है। जिला निबंधक कार्यालय, नालंदा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बिहार स्टाम्प (लिखत का न्यून मूल्यांकन निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2026 के तहत नई दरें 19 जून 2026 से प्रभावी कर दी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार नालंदा जिले के सभी अंचलों के शहरी क्षेत्रों, जिनमें नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत तथा उनके पेरिफेरल क्षेत्र शामिल हैं, वहां वर्तमान में प्रभावी प्रति डिसमिल न्यूनतम मूल्यांकन दर में दो गुना वृद्धि की गई है।वहीं ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले सभी राजस्व मौजों के लिए वर्तमान न्यूनतम मूल्यांकन दर में 1.6 गुना वृद्धि लागू की गई है। जिला नि. बंधक कार्यालय के अनुसार यह निर्णय बिहार स्टाम्प (लिखत का न्यून मूल्यांकन निवारण) नियमावली, 1995 एवं संशोधित नियमावली, 2026 के प्रावधानों के तहत लिया गया है। नई दरें अधिसूचना जारी होने की तिथि 19 जून 2026 से लागू हो चुकी हैं। इस निर्णय के बाद जिले में भूमि एवं संपत्ति के निबंधन के दौरान स्टाम्प शुल्क और निबंधन शुल्क की गणना संशोधित न्यूनतम मूल्यांकन दरों के आधार पर की जाएगी।





अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120,9931609015

# समर कैंप का भव्य समापन, खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने बांटे प्रमाण पत्र, 1000 के ज्यादा 7 से 14 वर्ष के बच्चे बच्चियों ने लिया हिस्सा

## 8 से 20 जून तक पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित हुआ बच्चों के लिए समर कैंप

**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट पटना (बिहार)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग में आयोजित 13 दिवसीय समर कैंप का रविवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित कर उनका उत्सा. हवर्धन किया। इस अवसर पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण, उप निदेशक हिमांशु सिंह, क्रीड़ा कार्यपालक आनंदी कुमार एवं चंदन कुमार सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक विकास और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। उन्होंने बच्चों से मोबाइल पर अधिक समय बिताने के बजाय खेलों में सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। खेल मंत्री ने समर कैंप की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए घोषणा की कि आगामी दिनों में सर्दियों के मौसम में भी विंटर कैंप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों और अभिभावकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया यह दर्शाती है कि यह पहल बच्चों में खेल भावना और खेल संस्कृति को विकसित करने में सफल रही है। 8 से 20 जून तक आयोजित इस कैंप में 7 से 14 वर्ष आयु वर्ग के एक हजार से अधिक बच्चों ने भाग लिया। कैंप के दौरान बच्चों को बेसिक एक्सरसाइज, स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग के साथ–साथ योग, फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, शतरंज, स्केटिंग और तीरंदाजी का प्रशिक्षण दिया गया। एडवेंचर स्पोर्ट्स के तहत वॉल क्लाइंबिंग तथा आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट्स और ता. इक्वांडो की बुनियादी तकनीकों से भी बच्चों को परिचित कराया गया।



बच्चों की रुचि बढ़ाने के लिए खेल आधारित क्विज प्रतियोगिताएं और अन्य मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं। वहीं अभिभावकों के लिए भी योग और खेल संबंधी विशेष सत्र आयोजित किए गए।समापन समारोह में बच्चों ने योग, स्केटिंग एवं अन्य खेल विधाओं का शानदार प्रदर्शन किया। कई बच्चों ने मंच से अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कैंप ने उन्हें नई खेल विधाओं को सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर दिया। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की। कार्यक्रम के अंत में वि. भन्न आयु वर्ग के उत्कृष्ट प्रतिभागियों को खेल मंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह उत्साह, उमंग और खेल भावना के माहौल में संपन्न हुआ।



# नालंदा में बेखौफ बालू माफिया सक्रिय, पचाने नदी के तटबंध काटकर किया जा रहा अवैध खनन



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट बिहारशरीफ (नालंदा)।** नालंदा जिले के सिलाव एवं नालंदा थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है। आरोप है कि बालू माफिया स्थानीय स्तर पर मिलीभगत कर पचाने नदी से बड़े पैमाने पर अवैध बालू का खनन कर रहे हैं, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है और नदी के तटबंध भी कमजोर हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार सिलाव थाना क्षेत्र स्थित सैनिक स्कूल के पीछे पचाने नदी किनारे बालू माफियाओं द्वारा तटबंध को काटकर बालू निकाला और बेचा जा रहा है। वहीं नालंदा थाना क्षेत्र के मनियामा गांव के समीप भी नदी से अवैध रूप से बालू खनन किए जाने की शिकायत सामने आई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रहे अवैध खनन से नदी का स्वरूप बदल रहा है और तटबंध कमजोर होते जा रहे हैं। आशंका जताई जा रही है कि बरसात के दौरान नदी में जलस्तर बढ़ने पर आसपास के गांवों को कटाव और बाढ़ जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं खनन विभाग से मामले की जांच कर अवैध खनन पर रोक लगाने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं संबंधित विभाग की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

# हिमाली राज बीपीएससी में 141 रैंक लेकर बनी एसडीएम



**केशववाणी कुमार अभिषेक की रिपोर्ट नालंदा (बिहार)।** नालंदा थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक गांव की बेटी हिमाली राज 70 का वीं बीपीएससी में 141 वाँ रैंक लाकर एसडीएम पद के लिये चयनियत होने पर पूरे गाँव मे खुशी की लहर है।हिमाली राज एक साधारण परिवार से तालुकात रखती हैं,जिनका सर से माता की साया बहुत पहले ही उठ गया है, और पिता अशोक कुमार जो कि नव नालंदा महाविहार में क्लर्क पद से रिटायर्ड हैं ,हिमाली की हौसले बुलंद रखा,साथ ही हिमाली के ननिहाल के परिवार ने भी भरपूर साथ दिया,असज जिसके फलस्वरूप इस मुकाम हासिल करने में कामयाब रही है। हिमाली ने बताया कि मैं एक महिला हूं और मेरा लक्ष्य रहेगा कि महिलाओं के लिए पूरा–पूरा अपने कार्यक्षेत्र में महिलाओं को सहयोग करना प्राथमिकता रहेगी, कहां की लड़कियों को पढ़ाई में काफी मुश्किल होती है, बावजूद मेरे भाई–बहन चाचा चाची, दादा दादी नाना नानी का भरपूर सहयोग मिला।. पिता ने मुझे कभी किसी समस्या को सामने आने नहीं दी,मामा मामी ने माता की कमी को महसुस होने नही दिया।मैं बतौर असिस्टेंट प्रा. फेसर पटना बिमेन्स कॉलेज में कार्यरत थी और अपनी मेहनत के बदौलत आज यह मुकाम हासिल कर पाई हूँ, मैं लोगों को यह कहना चाहती हूं कि हमेशा मोटिवेट रहे और जो लक्ष्य है उसके लिए हमेशा प्रयासरत रहे ,मेरा अगला लक्ष्य है कि यूपीएससी को फेस करूं। हिमाली के मामा कुलविजय एवं मामी श्वेता ने कहा कि आज काफी खुशी महसूस कर रहे है, दो बहन एक भाई में सबसे बड़ी के साथ साथ काफी प्रतिभावान है,हमलोगों ने हिमाली के प्रतिभा को निखारने के काम किया, और आज मिहनत के बदौलत हिमाली सफल हुई है जो परिवार के साथ साथ हमारे समाज के लोगो का प्रेरणा भी है।मैं सभी अभिभावकों से ये कहना चाहता हूं कि बेटा हो या बेटी ,सभी को एक समान मौका दें।






# दिवंगत समाजसेवी महिला को श्रद्धांजलि देने पहुंचे पूर्व विधायक डॉ. संजीव कुमार, सरकार पर साधा निशाना

## बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त, बेगुनाहों को एनकाउंटर के नाम पर मारा जा रहा है : डॉ. संजीव कुमार

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट पावापुरी (बिहार)।** खगड़िया जिले के परबत्ता विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. संजीव कुमार सोमवार को बिहारशरीफ के सर्वोदयनगर स्थित आशीर्वाद भवन (वार्ड संख्या–47) पहुंचे, जहां उन्होंने शिक्षक अजय कुमार की 86 वर्षीय माता एवं तुंगी पंचायत के पूर्व मुखिया स्वर्गीय हरिहर ठाकुर की पत्नी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) राजीव कुमार भी मौजूद थे। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. संजीव कुमार भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि दिवंगत महिला एक समा. जसेवी एवं संस्कारवान व्यक्तित्व की धनी थीं। उन्होंने अपने बच्चों को उत्कृष्ट संस्कार दिए और समाज में सदैव सकारात्मक योगदान दिया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय हरिहर ठाकुर एक ईम. ानदार, कर्मठ और आदर्श शिक्षक थे, जिन्होंने हमारे जैसे अनेक विद्यार्थियों को डॉक्टर और अन्य प्रतिष्ठित पदों तक पहुंचने की प्रेरणा दी। वे नैतिक मूल्यों के निर्वहन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले व्यक्तित्व थे। छात्र जीवन से ही मेरा उनके साथ घनिष्ठ संबंध रहा है। पत्रकारों द्वारा नालंदा एवं बिहार के विकास तथा प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर पूछे गए सवालों के जवाब में डॉ. संजीव कुमार ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विकास का वास्तविक पैमाना गरीब, मजदूर, किसान, किशोरियां, अस्पतालों में इलाज के लिए कराहते मरीज तथा अशिक्षित बालक–बालिकाएं हैं। उनकी स्थिति ही प्रदेश की वास्तविक तस्वीर बयां कर रही है।उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। कभी छात्राओं के साथ अपराध की घटनाएं हो रही हैं तो कभी गोल्डन, सिल्वर, हॉफ और क्वार्टर एनकाउंटर जैसे नाम देकर बेगुनाह लोगों को मौत के घाट उतारा जा रहा है। उन्होंने विपक्षी कार्यकर्ताओं को धमकाने तथा शिक्षकों के प्रति अपमानजनक व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया। डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि नालंदा भगवान बुद्ध और भगवान महावीर की ज्ञानभूमि है।



यह मखदूम साहब और बाबा मणिराम की तपा. स्थली भी रही है। ऐसे गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और ज्ञान परंपरा वाले क्षेत्र की गरिमा को बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।इस अवसर पर उन्होंने नालंदा के शिक्षकों, शिक्षाविदों एवं महिला शिक्षिकाओं से मुलाकात कर प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में नूतन सिन्हा, सीमा कुमारी, डॉ. सुजाता कुमारी, प्रीति सागर, डॉ. कुंज बिहारी कुंजेश, डॉ. मुरारी शुक्ला, चंद्रमोली प्रसाद, व्याख्याता सुशील कुमार, रविकांत कुमार, विकास कुमार, राकेश कुमार तथा अजय कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. संजीव कुमार का स्वागत एवं सम्मान किया। अजय कुमार ने कहा कि डॉ. संजीव कुमार अपने समय की मेडिकल प्रवेश परीक्षा के मेधावी एवं टॉपर छात्रों में शामिल रहे हैं। वे जनहित के मुद्दों को निर्भीकता और मजबूती से उठाने वाले जनप्र. तिनिधि के रूप में जाने जाते हैं। सामाजिक सरोक. ारों एवं जनसेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें राष्ट्रीय गौरव सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है।



# बिलारी के लाल ने बीपीएससी में पायी सफलता, बनें राजस्व पदाधिकारी




**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट कतरीसराय (बिहार)।** बीपीएससी 70वीं प्रतियोगिता परीक्षा में कतरीसराय के दो अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बिलारी निवासी मुरारी कुमार व अंजु देवी के 24 वर्षीय पुत्र आयुष कुमार ने 844वां रैंक पाकर राजस्व पदाधिकारी पद के लिए चयनित हुए हैं। आयुष कुमार की प्रारंभिक शिक्षा बनारस एवं इलाहाबाद में हुई। उन्होंने 2022 में काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से स्नातक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के दौरान उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी जारी रखी और अपनी मेहनत तथा लगन के बल पर यह सफलता अर्जित की। आयुष के पिता मुरारी कुमार वारिसलीगंज में किराना दुकान का संचालन करते हैं। पूरा परिवार वहीं निवास करता है। साधारण परिवार से आने वाले आयुष की इस उपलब्धि से परिजनों के साथ–साथ गांव और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने कहा कि आयुष की उप. लब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत का काम करेगा। इस सफलता से बिलारी गांव सहित पूरे कतरीसराय प्रखंड में खुशी का माहौल है।

# अज्ञात वाहन के टक्कर से किशोर की गयी जान

**केशववाणी राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (बिहार)।** सिलाव थाना क्षेत्र के बिहारशरीफ–राजगीर मार्ग पर रविवार की शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौत हो गयी। मृतक देवशपुरा गांव निवासी सेवानिवृत शक्षिक पुनीत सिंह का 15 वर्षीय पुत्र कृष्णा है। वह मां–बाप का इकलौता पुत्र था। मौत की खबर पहुंचते ही गांव में को. हराम मच गया है। लोगों की मानें तो श्री गांधी उच्च विद्यालय के पास वह डिवाइडर में बने अवैध कट से सड़क पार कर रहा था। तभी राजगीर की ओर से आ रहा एक वाहन बाइक में धक्का मारते हुए भाग निकला। कृष्णा गाड़ी से गिरकर डिवाइडर से टकरा गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर किया गया। रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है।




# चंदौरा गांव में स्थित ब्रह्म स्थान व भोले बाबा मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन हुआ शुरू, हरे राम–हरे कृष्णा की जाप से गूंज रहा पूरा क्षेत्र



**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोट रहूइ (नालंदा)।** रहूई प्रखंड क्षेत्र के सुपासंग पंचायत के चंदौरा गांव में सोमवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। पंडितों के द्वारा सभी देवी– देवताओं का आह्वावान करने के बाद अखंड कीर्तन का शुभ. ारंभ किया गया। ग्रामीण व आयोजन कर्ता डॉ जगदीश प्रसाद ने बताया कि गांव में स्थित ब्रह्म स्थान व भोले बाबा मंदिर परिसर में पहली बार समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से श्री श्री 108 श्री अखंड कीर्तन को लेकर भक्ति अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। अखंड कीर्तन को लेकर वहां पर नवनिर्मित मंडप का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बताया कि यहां पर डेढ़ सौ वर्ष पहले शिवलिंग की स्थापना किया गया था। कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस स्थान को अब नया नाम दिया गया है जिसे परमेश्वर नाथ के नाम से भी लोग जानेंगे। डॉ जगदीश प्रसाद ने बताया कि गांव की सुख समृद्धि एवं शांति की कामना को लेकर अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड कीर्तन में आसपास के गांव से दर्जनों कीर्तन मंडली शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम में शामिल होने से आसपास के सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्राप्ति होती है। हरे राम – हरे कृष्णा की गूंज से क्षेत्र में भक्ति मय का वातावरण बना हुआ है।उन्होंने बताया कि मंगलवार को अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में नगीना पासवान, रामुचित पासवान,बलराम पासवान,सुभाष पासवान, गुरुदेव प्रसाद, धनंजय कुमार वर्मा, सीताराम पासवान,अविनाश महतो, शिशुपाल,प्रवीण, अमित,रामवृक्ष, मनोज,उदय,उमेश समेत समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग है।

# कल्याण बिगहा में आज होगा 36वीं स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप का आयोजन ,23 से 25 जून तक चलेगी प्रतियोगिता,10 मी एयर पिस्टल एवं एयर रायफल में 650 से अधिक निशानेबाज साधेंगे निशाना

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड स्थित इंडोर शूटिंग रेंज कल्याण बिगहा में दो दिवसीय 36वीं बिहार स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा ।इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष तकनीकी पदाधिकारियों की टीम मौजूद रहेंगे। तकनीकी विशेषज्ञ रंजन कुमार सिंह,बिपुल पाल,मनीष आदि आ चुके हैं ।शूटिंग रेंज के प्रशिक्षक कौशल नौगरैया ने बताया कि 23–25 जून तक इस प्रतियोगिता में बिहार के पटना,मुजफ्फरपुर, दरभंगा,मुंगेर,आरा,नालंदा, नवादा,सिवान,जहानाबाद,लक्खिसराय सहित विभिन्न जिलों के क्लबों एवं शूटिंग अकादमियों के तकरीबन 650 निशानेबाज भाग लेकर 10 मी एयर राइफल एवं 10 मी एयर पिस्टल स्पर्धा में अपना निशाना साधेंगे ।बिहार स्टेट राइफल एसोसिएशन(बीएसआरए) द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में एनआर और आईएसएसएफ इवेंट होगी ।एनआर इवेंट में पुरुष और महिला वर्ग के अलावा जूनियर,यूथ,सब यूथ और मास्टर श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा होगी। इसके अतिरिक्त ओपन साइट की विभिन्न श्रेणियां भी शामिल हा. ेंगे ।जबकि आईएसएसएफ इवेंट में सब यूथ महिला–पुरुष, जूनियर महिला–पुरुष,महिला–पुरुष और यूथ पुरुष श्रेणियों में प्रतियोगिता आयोजित होगी ।यहां के बाद राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाएंगे ।कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य राज्य में निशानेबाजी खेल को बढ़ावा देना तथा खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए मंच उपलब्ध कराना है ।ज्ञात हो कि वर्ष2025में भी इसी शूटिंग रेंज में बिहार स्टेट शूटिंग चौंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया था।



जिसमें करिब450से अधिक निशानेबाज के अपना दम दिखाया था ।मगर इस बार पिछले वर्ष की तुलना में डेढ़ गुना अधिक है ।जो बिहार में शूटिंग खेल की बढ़ती लोकप्रियता और युवाओं की बढ़ती रुचि का स्पष्ट संकेत है ।साथ ही क्षेत्रवासियों के लिए गर्व का विषय है ।कहा कि समापन और मेडल वितरण समारोह 25 जून को शाम तीन बजे होगा ।जहां वरिष्ठ अफसर,जनप्रतिनिधि,समाजसेवी और खेल प्रेमी मौजूद रहेंगे ।चयनित शूटरों को मेंडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा ।उधर शूटिंग रेंज के प्रभारी उमेश पासवान ने क्षेत्रवासियों और खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे प्रतियोगिता के दौरान शूटिंग रेंज पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। उन्होंने कहा कि ऐसे खेल आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है और खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है ।यह आयोजन कल्याण बिगहा सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए गौरव का विषय है, जिससे क्षेत्र को खेल मानचित्र पर नई पहचान मिलने की उम्मीद है।

# सिलाव बाईपास पर पीएनजी गैस पाइपलाइन में लीकेज से मची अफरा–तफरी, बड़ा हादसा टला

**केशववाणी राजीव लोचन की रिपोट सिलाव (नालंदा)।** बिहारशरीफ– राजगीर फोरलेन स्थित सिलाव बाईपास पर सोमवार की शाम पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) पाइपलाइन में लीकेज होने से अफरा–तफरी मच गई। समय रहते पुलिस और दमकल विभाग की सक्रियता से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया और आसपास के दुकानदारों ने एहतियातन अपनी दुकानें बंद कर दीं।

जानकारी के अनुसार शाम करीब सात बजे फा. ेरलेन किनारे स्थित एक होटल में नया गैस कनेक्शन जोड़ने का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान पाइपलाइन में अत्यधिक दबाव के कारण एक छोटा छेद अचानक बड़ा हो गया, जिससे तेज आवाज के साथ गैस का रिसाव शुरू हो गया। गैस के दबाव से निकल रहे गुबार को देखकर स्थानीय लोगों और राहगीरों में भय का माहौल पैदा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सिलाव थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। किसी भी संभावित दुर्घटना को रोकने के लिए पुलिस ने तत्काल फोरलेन पर दोनों ओर से वा. हनों का परिचालन बंद करा दिया। वहीं दमकल विभाग की गाड़ियां और कर्मी भी मौके पर पहुंचकर स्थिति पर नजर बनाए रहे ।स्थानीय लोगों का आरोप है कि घटना की सूचना तुरंत गोरमा स्थित मुख्य गैस जंक्शन और संबंधित



गैस कंपनी को दे दी गई थी, लेकिन करीब एक घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कंपनी की तकनीकी टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। इससे लोगों में नाराजगी देखी गई। स्थानीय नागरिकों का कहना था कि घनी आबादी और व्यावसायिक क्षेत्र के बीच लगातार गैस रिसाव गंभीर खतरा पैदा कर सकता था। सिलाव थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि गैस रिसाव की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र को सुरक्षित कराया और फोरलेन पर यातायात रोक दिया। उन्होंने कहा कि दमकल विभाग की टीम मौके पर तैनात रही तथा वरीय अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दे दी गई है। साथ ही गैस कंपनी की तकनीकी टीम को तत्काल मौके पर पहुंचकर रिसाव बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है, हालांकि घटना ने गैस पाइपलाइन की सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अंबेडकर चौक के पास मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**केशववाणी राजीव लोचन की रिपोट राजगीर (नालंदा)।** शहर के अंबेडकर चौक के पास मलमास मेला क्षेत्र में बने राम मंदिर के समीप सा. ेमवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही राजगीर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा बरामद शव की पहचान जमुई जिला के लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के मडइया निवासी बनारसी राम के पुत्र राजदेव राम के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। थानाध्यक्ष रमन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्राकृतिक कारणों से हुई मौत प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी, लू अथवा लंबे समय तक भोजन नहीं मिलने जैसी परिस्थितियां मृत्यु का कारण हो सकती है। हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। वहीं शव मिलने की घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने परि. जनों को घटना की सूचना दे दी है। आगे की कार्रवाई जारी है।

# 40 दिवसीय समर कैंप का समापन, प्रतिभागियों को मिला प्रमाणपत्र



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोट हरनौत (नालंदा)।** हरनौत बाजार में स्थित फुटबॉल स्टेडिय परिसर में पिछले 40 दिनों से चले आ रहे विशेष समर कैंप का समापन रविवार को सर्टिफिकेट वितरण के साथ हो गया। वहीं कैंप के संयोजक सह कोच कुंदन कुमार पांडे एवं रवि कुमार ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के दौरान बच्चों को एथलेटिक्स समेत विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा, समर कैंप का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें खेल व योग के प्रति जागरूक बनाना है। खेल और योग दोनों ही बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एक निजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह ने समर कैंप के प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण किया। इस दौरान स्पेशल ओलंपिक भारत के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग के अवसर पर योगाभ्यास भी कराया गया ।कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प लिया ।योग प्रशिक्षक विनय कुमार ने बच्चों एवं उपस्थित ला. ेगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा मानसिक तनाव भी दूर होता है। वहीं मुख्य अतिथि डॉ सिंह ने अपने संबोधन में कहा, योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की कला है। योग से स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है और स्वस्थ शरीर से ही एक मजबूत एवं समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योग अवश्य करना चाहिए, ताकि वे निरोग एवं सुखी जीवन जी सक. ें ।मौके पर सार्थक राज, इशू, युवराज, डॉ. सुभाष कुमार, सतनाम कबीर सहित कई गणमान्य लोग, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।




